# बिहार विकास मिशन

(मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के शासकीय अधीन)
बिहार राज्य भवन निर्माण निगम कैम्पस,
हॉस्पिटल रोड, राजवंशी नगर, पटना–800023
E-Mail: bvm.msoffice@gmail.com
दूरभाष संख्याः–0612–2285262


संoसंo–बिoविoमिo–स्थाo–(DRCC/विविध)–39/22 1404 पटना, दिनांक 22/7/26

## –:: आदेश ::–

बिहार विकास मिशन के कार्यालय आदेश संख्या–346, दिनांक–20.08.2016 के माध्यम से श्री राजीव रंजन का नियोजन संविदा के आधार पर सहायक प्रबंधक (परियोजना एवं लेखा) के पद पर करते हुए दिनांक–19.08.2016 के प्रभाव से जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र, नालन्दा में पदस्थापित किया गया था तथा आदेश संख्या–799 अनु0, दिनांक–07.08.2021 द्वारा श्री रंजन का स्थानान्तरण जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र, नालन्दा से जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र, भागलपुर किया गया।

2. जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र, भागलपुर में कार्यरत श्री राजीव रंजन द्वारा अवैतनिक अवकाश हेतु किये गये अनुरोध के आलोक में जिला पदाधिकारी, भागलपुर के पत्रांक–170, दिनांक–29.04.2026 द्वारा श्री रंजन को दिनांक–05.12.2025 से दिनांक–21.12.2025 तक तथा दिनांक–19.01.2026 से दिनांक–31.06.2026 तक कुल 30 (तीस) दिनों के अवैतनिक अवकाश की स्वीकृति प्रदान की गयी।

जिला योजना पदाधिकारी, भागलपुर के पत्रांक–232, दिनांक–25.06.2026 द्वारा सूचित किया गया कि जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र, भागलपुर के पत्रांक–170, दिनांक–29.04.2026 के द्वारा श्री रंजन को प्रदान किये गये अवैतनिक अवकाश से संबंधित सूचना उन्हें ई–मेल एवं निबंधित डाक के माध्यम से दिया गया, परंतु वें बिना किसी सूचना के लगातार कार्यालय से अनुपस्थित हैं।

3. पुनः जिला योजना पदाधिकारी, भागलपुर के पत्रांक–220, दिनांक–19.06.2026 द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि श्री रंजन दिनांक–01.02.2026 से अबतक लगातार अनुपस्थित हैं।

4. अपर मुख्य सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग–सह–सदस्य सचिव के हस्ताक्षर से निर्गत बिहार विकास मिशन का पत्रांक–542, दिनांक–18.06.2021 द्वारा संविदा नियोजित कर्मियों के एक एकरारनामा अवधि में अनुमान्य अवैतनिक अवकाश (30 दिन) से अधिक अवैतनिक अवकाश का उपभोग नहीं किये जाने का निर्णय संसूचित है तथा बिना सक्षम प्राधिकार के अनुमति के अवैतनिक अवकाश में जाने पर HR Manual के सुसंगत प्रावधानों के आलोक में नियोजित कर्मियों का एकरारनामा समाप्त किया जा सकता है।

5. जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र, भागलपुर से दिनांक–10.07.2026 को प्राप्त ई–मेल के साथ संलग्न कार्यालय उपस्थिति पंजी के अनुसार श्री रंजन का अंतिम कार्य दिवस दिनांक–17.01.2026 है।

6. श्री रंजन के अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने के कारण बिहार विकास मिशन के HR Manual के HR Policy No.-10 की कंडिका–3.4.5 एवं HR Policy No.-19 की कंडिका–

6.5.8 में निहित प्रावधान एवं बिहार विकास मिशन का पत्रांक-542, दिनांक-18.06.2021 के आलोक में उन्हें दिनांक-17.01.2026 के अपराह्न से बर्खास्त किया जाता है।

7. प्रस्ताव में सदस्य सचिव, बिहार विकास मिशन का अनुमोदन प्राप्त है।

22-7-26

(रितेश रंजन)

अवर सचिव-HR (Management) & IT

**ज्ञापांक :- बि0वि0मि0- स्था0-(DRCC/विविध)-39/22**.1404...**पटना, दिनांक** 22/7/26

**प्रतिलिपिः-** जिला पदाधिकारी, भागलपुर/ उप विकास आयुक्त, भागलपुर/ जिला योजना पदाधिकारी, भागलपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

2. अनुरोध है कि श्री राजीव रंजन, सहायक प्रबंधक (परियोजना एवं लेखा), जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र, भागलपुर से सम्पूर्ण प्रभार प्राप्ति एवं बकाया (यदि कोई हो) की वसूली के संबंध में अपने स्तर से नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने की कृपा की जाय।

22-7-26

अवर सचिव-HR (Management) & IT

**ज्ञापांक :- बि0वि0मि0- स्था0-(DRCC/विविध)-39/22**.1404...**पटना, दिनांक** 22/7/26

**प्रतिलिपिः-** महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा)/ श्रीमती रश्मि रंजन, मैनेजमेंट एसोसिएट/ श्री सोनू राज मिर्धा, MIS/HRIS Support Officer, बिहार विकास मिशन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

22-7-26

अवर सचिव-HR (Management) & IT

**ज्ञापांक :- बि0वि0मि0-स्था0-(DRCC/विविध)-39/22**.1404.**पटना, दिनांक** 22/7/26

**प्रतिलिपिः-** प्रबंधक, जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र, भागलपुर/ श्री राजीव रंजन, सहायक प्रबंधक (परियोजना एवं लेखा), जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र, भागलपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

22-7-26

अवर सचिव-HR (Management) & IT

**ज्ञापांक :- बि0वि0मि0- स्था0-(DRCC/विविध)-39/22**.1404.....**पटना, दिनांक** 22/7/26

**प्रतिलिपिः-** एच0आर0 मैनेजर, बिहार विकास मिशन को ई-मेल करने हेतु प्रेषित।

22-7-26

अवर सचिव-HR (Management) & IT

11:50 A.M
22/7/26